भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2088

दिनांक 15 मार्च, 2022

तेलंगाना में के.वी.के.

2088. डॉ. वेंकटेश नेता बोरलाकुंता:
श्री दयाकर पसुनूरी:
डॉ. जी. रणजीत रेड्डी:
श्रीमती कविता मलोथू:

क्या **कृषि और किसान कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) तेलंगाना में कृषि विज्ञान केन्द्र (के.वी.के.) का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या के.वी.के. कृषि अनुसंधान संगठनों और संबंधित राज्यों के विभागों के बीच एक सेतु का काम करते हैं और यदि हां, तो उनके द्वारा उपलब्ध कराए गए क्षमता विकास का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या तेलंगाना में के.वी.के. में 35 प्रतिशत रिक्तियाँ हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) रिक्तियों को भरने के लिए मंत्रालय द्वारा कौन से कदम उठाए गए हैं; और

(ड.) उन के.वी.के. का ब्यौरा क्या है जिनके पास प्रशासनिक भवन और किसान हॉस्टल हैं?

उत्तर

कृषि और किसान कल्याण मंत्री

(श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क) तेलंगाना के आदिलाबाद, खम्मम, भद्रादरी, कोठागुडेम, करीमनगर, पेड्डापल्ली, वानापार्थी, नागरकुरनूल, मछीरियल, सांगारेड्डी, मेडक, सूर्यापेट, नलगोंडा, निजामाबाद, रंगारेड्डी, महबूबाबाद तथा वारंगल शहरी जिलों में 16 कृषि विज्ञान केंद्र हैं।

(ख) कृषि अनुसंधान संगठनों तथा राज्यों के विभिन्न विकास विभागों के बीच कृषि विज्ञान केंद्र एक सेतु के रूप में काम करते हैं। कृषि विज्ञान केंद्रों के विशेषज्ञ संबंधित जिलों के विकास विभागों को कार्रवाई योजना तैयार करने में सहयोग प्रदान करते हैं और अनुसंधान संगठनों द्वारा विकसित की गई नई प्रौद्योगिकियों के आलोक में उनके फील्ड कार्यक्रमों को प्रौद्योगिकीय सहायता प्रदान करते हैं। कृषि विज्ञान केंद्रों द्वारा विकास विभागों के विस्तार कार्मिकों को प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाता है तथा ये इनकी क्षमता के विकास के लिए अनुसंधान संगठनों द्वारा विकसित प्रौद्योगिकियों के प्रदर्शन में इन्हें शामिल करते हैं।

(ग) 16 कृषि विज्ञान केंद्रों में स्वीकृत 256 पदों में से 211 पद भरे हुए हैं।

(घ) संबंधित कृषि विज्ञान केंद्रों के मेजबान संगठनों के अध्यक्ष जो प्राधिकारियों की भर्ती करते हैं, उन्हें कृषि विज्ञान केंद्रों में रिक्त पदों को प्राथमिकता के आधार पर भरने के लिए समय-समय पर अनुरोध किया जाता है।

(ड.) सभी कृषि विज्ञान केंद्रों में प्रशासनिक भवन हैं। सिर्फ 4 कृषि विज्ञान केंद्रों (आदिलाबाद, भद्रादरी कोठागुडेम, मछीरियल तथा मेडक) के अलावा सभी कृषि विज्ञान केंद्रों में किसान छात्रावास हैं।

****